वैदिक गुरुकुल, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा
प्रवेश परीक्षा : 2023-24
प्रथमा प्रथम वर्ष-(कक्षा छः) पाठ्यक्रम

गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वैदिक गुरुकुल के आवासीय प्रथमा प्रथम वर्ष (छठी कक्षा) हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस हेतु आपने अपना आवेदन प्रस्तुत किया है। चूंकि निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं अतः माननीय कुलपति महोदय की आज्ञा अनुसार अंतिम चयन हेतु प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है-

➡️ *माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार पाठ्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पद्धति को स्वीकृत एवं लागू किया गया है।*

✅ *प्रश्न पत्र तीन भागो-* मानसिक योग्यता परीक्षण, गणित एवं भाषा परीक्षा में विभाजित हैं।
✅ *प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न , कुल 100 अंक तथा 2 घंटे समय निर्धारित है।*
✅ *परीक्षा 23 जुलाई, 2023 (रविवार) को प्रातः 11.00 से 01.00 तक आयोजित होगी।*
✅ *परीक्षा केंद्र-   लियो कॉलेज,डांगपाड़ा, बांसवाड़ा।

🟠 *परीक्षा पद्धति-* आफलाईन बहु विकल्पात्मक ।

🔯 *खण्ड अनुसार प्रश्न अंक एवं समय विभाजन*

1. मानसिक योग्यता परीक्षा-
प्रश्न- 25, अंक- 50, समय- 60 मिनट
2. अंक गणित-
प्रश्न- 10, अंक- 20, समय- 30 मिनट
3. भाषा ज्ञान-
प्रश्न-15, अंक- 30, समय- 30 मिनट

योग- प्रश्न-50, अंक-100, समय-120 मिनट

पाठ्यक्रम-
1️⃣*मानसिक योग्यता परीक्षा-*
पाचवीं कक्षा स्तर के मानसिक योग्यता संबंधी प्रश्न पूछे जायेंगें। इसमे अशाब्दिक आकृति एवं डायग्राम वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगे।

2️⃣*अंक गणित-*
दशमलव प्रणाली, गणित के सूत्र, संख्या सिद्धांत, निकटतम संख्या, लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक, साधारण भिन्न एवं दशमलव भिन्न, ऐकिक नियम, चाल, दूरी और समय औसत (मध्यमान) प्रतिशत, लाभ-हानि, साधारण ब्याज, क्षेत्रफल, आयतन सभी प्रकार के प्रश्न पांचवीं स्तर के होगे।

3️⃣*भाषा ज्ञान (हिन्दी एवं संस्कृत) -*
पांचवीं कक्षा स्तर के अपठित गद्यांश आधरित सामान्य प्रश्न पूछे जायेगें। पांचवीं कक्षा स्तर के ही शब्दार्थ, विलोम शब्द पर्यायवाची, मुहावरे संबंधित प्रश्न पूछे जायेगें।

विशेष निर्देश-
✅ प्रवेश पत्र --
प्रारंभिक परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। प्रवेश पत्र परीक्षा के 3 दिन पूर्व कार्यालय वेद विद्यापीठ ग्राम-बड़वी,माही डेम रोड स्थित विश्वविद्यालय परिसर से प्राप्त किया जा सकता है अथवा परीक्षा के दिन सुबह 2 घंटे पहले उपस्थित होकर परीक्षा केंद्र से भी प्राप्त कर सकते हैं।
✅ सभी अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर कम से कम एक घंटा पहले अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है।

शुभकामनाएं

प्रो.महेंद्र प्रसाद सलारिया
निदेशक-वेद विद्यापीठ